TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

जयंती विशेष

11 सितंबर 2025

Teachers of Bihar

The Change Makers

# आज का सुविचार

संयम ही शिक्षा का मुख्य आधार है।

**विनोबा भावे**

( स्वतंत्रता सेनानी )

जन्म : 11 सितंबर 1895 मृत्यु : 15 नवंबर 1982



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org


मधु प्रिया

# विनोबा भावे का जन्म 11 सितंबर



विनोबा भावे एक भारतीय स्वतंत्रता सेनानी, सामाजिक कार्यकर्ता और भूदान आंदोलन के प्रणेता थे, जिनका मूल नाम विनायक नारहरी भावे था। आचार्य विनोबा भावे का जन्म 11 सितम्बर 1895 को रायगढ़, ब्रिटिश भारत में हुआ । इन्हे भारत का राष्ट्रीय अध्यापक और महात्मा गांधी का आध्यात्मि उत्तराधिकारी का दर्जा प्राप्त हुआ। विनोबा भावे की माँ धार्मिक महिला थीं और उनपर अपनी माँ का गहरा प्रभाव था। विनोबा भावे काफी तेज छात्र थे और उनका पसंदीदा विषय गणित था। लेकिन जब वह गुजरात के बड़ौदा में ग्रेजुएशन कर रहे थे, तो उनकी रुचि अध्यात्म की ओर बढ़ने लगी। बिनोबा भावे 1916 में महात्मा गांधी के कोचरब आश्रम गए, जो अहमदाबाद में है। इसके बाद उन्होंने स्कूल-कॉलेज छोड़ दिया, लेकिन पढ़ाई जारी रखी और गीता, रामायण, कुरान, बाइबिल जैसे कई धार्मिक ग्रंथों के साथ ही राजनीति, अर्थशास्त्र जैसे कई आधुनिक सिद्धांतों का अध्ययन किया। तब उनकी उम्र सिर्फ 21 साल थी। इन्होंने भूदान आन्दोलन सन्त विनोबा भावे द्वारा सन् 1951 में आरम्भ किया गया था। यह स्वैच्छिक भूमि सुधार आन्दोलन था। विनोबा भावे वर्ष 1958 में रेमन मैग्सेसे पुरस्कार प्राप्त करने वाले पहले अंतर्राष्ट्रीय और भारतीय व्यक्ति थे। उन्हें 1983 में मरणोपरांत भारत रत्न (भारत का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार) से भी सम्मानित किया गया था। उनकी मृत्यु 15 नवम्बर 1982 को पनवार, वर्धा में हुई।

# जयंती विशेष 11 सितंबर




आचार्य **विनोबा भावे** (11 सितम्बर 1895 - 15 नवम्बर 1982) भारत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सामाजिक कार्यकर्ता तथा प्रसिद्ध गांधीवादी नेता थे। उनका मूल नाम विनायक नरहरि भावे था। उन्हे भारत का राष्ट्रीय अध्यापक और महात्मा गांधी का आध्यात्मिक उत्तराधिकारी समझा जाता है।

# MATH TLM

26 Class-6to8

## समानुपात (proportion)

यदि चार राशियां ऐसी हो कि पहली और दूसरी राशियों का अनुपात, तीसरी और चौथी राशियों के अनुपात के बराबर हो तो ऐसी राशियां समानुपाती कहलाती हैं।

यदि a : b = c : d तो a, b ,c, और d समानुपाती हैं। इसे a : b :: c : d के रूप में भी लिखा जाता है।

समानुपात में प्रथम और अंतिम पदों को बाह्य पद और शेष 2 पदों को मध्य पर कहते हैं। चौथी राशि को, पहली ,दूसरी और तीसरी राशि का चतुर्थ समानुपाती कहते हैं।

Anu Priya, Science Teacher



# अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2025

## संशोधित

### प्रारंभिक विद्यालयों के लिए

| तिथि | प्रथम पाली<br>समय: 10.00 पू. से 12.00 अप. | द्वितीय पाली<br>समय: 01.00 अप. से 03.00 अप |
|---|---|---|
| 10.09.2025<br>( बुधवार ) | पर्यावरण अध्ययन / सामाजिक विज्ञान<br>( कक्षा III, IV V, VI के लिए ) | विज्ञान<br>( कक्षा VI -VIII के लिए ) |
| 11.09.2025<br>( गुरुवार ) | हिन्दी ( द्वितीय भाषा / अहिंदी भाषी के लिए )<br>( कक्षा III - VIII के लिए ) | गणित<br>( कक्षा III, IV, V, VI एवं VIII के लिए ) |
| 12.09.2025<br>( शुक्रवार ) | सह-शैक्षिक गतिविधियों का समेकन | |
| 13.09.2025<br>( शनिवार ) | हिन्दी / बांग्ला / उर्दू<br>( कक्षा III - VIII के लिए ) | संस्कृत<br>( कक्षा VI - VIII के लिए ) |
| 14.09.2025<br>( रविवार ) | सह-शैक्षिक गतिविधियों का समेकन<br>( उर्दू विद्यालयों के लिए ) | |
| 16.09.2025<br>( मंगलवार ) | अंग्रेजी<br>( कक्षा III - VIII के लिए ) | सामाजिक विज्ञान<br>( कक्षा VII एवं VIII के लिए ) |
| 17.09.2025<br>( बुधवार ) | हिन्दी / उर्दू / बांग्ला ( कक्षा I - II के लिए )<br>गणित ( कक्षा VII के लिए ) | गणित<br>( कक्षा I - II के लिए ) |
| 18.09.2025<br>( गुरुवार ) | अँग्रेजी<br>( कक्षा I - II के लिए ) |  |

www.teachersofbihar.org

राकेश कुमार




# वनडे में रन के अंतर से सबसे बड़ी जीत

| जीत का अंतर | टीम | खिलाफ | कहां | कब |
|---|---|---|---|---|
| 342 रन | इंग्लैंड | सा. अफ्रीका | साउथैम्प्टन | 2025 |
| 317 रन | भारत | श्रीलंका | तिरुवनंतपुरम | 2023 |
| 309 रन | ऑस्ट्रेलिया | नीदरलैंड | दिल्ली | 2023 |
| 304 रन | जिम्बाब्वे | अमेरिका | हरारे | 2023 |
| 302 रन | भारत | श्रीलंका | मुंबई | 2023 |

Reg. No. BR/2025/0487469

# टीचर्स ऑफ़ बिहार

## "हिंदी दिवस" के अवसर पर आयोजित करती है

# "अनुगूँज-हिंदी की"

### साहित्यिक लेखन प्रतियोगिताएँ

## पत्र - लेखन

**विषय :**
**हिंदी के महत्व को समझाते हुए माता का पुत्र/पुत्री के नाम पत्र**

**शब्द सीमा : 100-200 शब्द**

## स्वरचित कविता लेखन

**विषय :**
**हिंदी: हमारी अस्मिता की पहचान**

**शब्द सीमा : 12-20 पंक्तियाँ**

## सामान्य नियम

- प्रतियोगिता की दो श्रेणी होगी : विद्यार्थी (कक्षा 6 से 12 तक), शिक्षक (सरकारी विद्यालय)
- प्रविष्टियाँ केवल स्वप्रकाशन (वेबसाइट) पर प्रकाशित की जाएँगी।
- प्रतिभागी केवल एक प्रविष्टि भेज सकते हैं।
- प्रविष्टि मौलिक होनी चाहिए, किसी भी प्रकार की नकल अथवा ए.आई का प्रयोग स्वीकार्य नहीं होगी।
- भाषा शुद्ध हिंदी (देवनागरी लिपि) में होनी चाहिए।
- प्रविष्टियाँ निर्धारित शब्द सीमा / पंक्ति सीमा में होनी चाहिए।

**समय सीमा :** 14.09.2025
**वोटिंग का समय :** 15.09.2025 - 18.09.2025

**वेबसाइट :** www.teachersofbihar.org

प्रतिभाग करने के लिए
QR कोड को स्कैन करें

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **11.09.2025**

## ग्रेडिंग पद्धति

ग्रेडिंग पद्धति छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन को मापने और व्यक्त करने का एक तरीका है, जिसमें एक पूर्व-निर्धारित मानदंड या मानक के आधार पर उन्हें अक्षर (जैसे ए, बी, सी), संख्या (जैसे प्रतिशत) या ग्रेड पॉइंट का एक मान दिया जाता है। यह पद्धति छात्रों को उनके प्रदर्शन के बारे में प्रतिक्रिया देती है, शिक्षकों के शिक्षण को दिशा देती है, और छात्रों के भविष्य के शैक्षणिक या व्यावसायिक अवसरों को प्रभावित करती है।

www.teachersofbihar.org
राकेश कुमार


रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान
CHIEF
लेफ्टिनेंट पारुल धडवाल (Parul Dhadwal) ने
एक प्रसिद्ध पांच-पीढ़ी सैन्य परिवार से पहली
महिला अधिकारी बनकर इतिहास रच दिया है।
www.teachersofbihar.org
राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

The change makers



## गुणकारी सब्जियां

### कटहल



मुझमें vit.C, B-6, राइबोफ्लेविन, नियासीन, सोडियम, पोटैशियम, मैग्निशियम, कैल्शियम ,आयरन, जिंक और फास्फोरस पाया जाता है।

Anu priya

# Teachers of Bihar

The change makers

## English TLM

# Homophones

Words that sounds the same but spelled differently and have different meanings

Tail



पूंछ


Tale





कहानी


www.teachersofbihar.org.in

Anupriya


"
पथ मैं काटे तो होंगे ही
दुर्वादल,सरिता,सर होंगे
सुंदर गिरि, वन,वापी होंगी
सुंदर-सुंदर निर्झर होंगे
सुंदरता की मृगतृष्णा में
पथ भूल जाना पथिक कहीं।
शिवमंगल सिंह सुमन
www.padyapankaj.teachersofbihar.org
Madhu priya


11 सितंबर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
राष्ट्रीय
वन शहीद दिवस
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


"आधुनिक मीरा"
सुप्रसिद्ध लेखिका, कवयित्री
महादेवी वर्मा जी
की पुण्यतिथि पर सादर नमन
पद्म
विभूषण
26 मार्च 1907 - 11 सितम्बर 1987




www.teachersofbihar.org